Series : NML5K

SET~1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

**नोट :**

*(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 32 (मानचित्र सहित) हैं ।*

*(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*

*(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 38 प्रश्न हैं ।*

***(IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***

*(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

{}

**NOTE :**

*(I) Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).*

*(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III) Please check that this question paper contains **38** questions.*

***(IV) Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.***

*(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

सामान्य निर्देश :

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 38 प्रश्न हैं । **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं** ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **चार खण्डों – क, ख, ग** और **घ** में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड 20 अंकों का है ।*

***खण्ड क : इतिहास***

***खण्ड ख : भूगोल***

***खण्ड ग : राजनीति विज्ञान***

***खण्ड घ : अर्थशास्त्र***

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय, दीर्घ-उत्तरीय और केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *बहुविकल्पीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(v)* *अति लघु-उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* *लघु-उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(viii)* *केस-आधारित प्रश्न 4 अंक के हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(ix)* *मानचित्र आधारित प्रश्न (**दो** प्रश्न) **पाँच** अंकों के हैं :*

***खण्ड क (इतिहास) – 2 अंक***

***खण्ड ख (भूगोल) - 3 अंक***

*(x)* *अपनी उत्तर-पुस्तिका को प्रश्न-पत्र के अनुरूप चार भागों में विभाजित कीजिये – खण्ड क (इतिहास), खण्ड ख (भूगोल), खण्ड ग (राजनीति विज्ञान) तथा खण्ड घ (अर्थशास्त्र) ।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर उसके संबंधित भाग में ही लिखना अनिवार्य है ।*

*एक खण्ड के उत्तर दूसरे खण्ड के उत्तर के साथ नहीं लिखने हैं ।*

*(xi)* *आवश्यकतानुसार प्रत्येक खण्ड और प्रश्नों के साथ निर्देश दिये गए हैं ।*

*(xii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(xiii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि, कुछ प्रश्नों में केवल आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखना चाहिए ।*

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and strictly follow them :***

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **FOUR** sections – **Section A, B, C** and **D**. Each Section carries **20** marks.*

***Section A : History***

***Section B : Geography***

***Section C : Political Science***

***Section D : Economics***

*(iii)* *This question paper has MCQs, VSAs, SAs, LAs and CBQs.*

*(iv)* *Multiple Choice Questions (MCQs) carry **1 mark** each.*

*(v)* *Very Short Answer Type Questions (VSAs) carry **2 marks** each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

*(vi)* *Short Answer Type Questions (SAs) carry **3 marks** each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(vii)* *Long Answer Type Questions (LAs) carry **5 marks** each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(viii)* *There are Cases Based questions (CBQs) with three sub-questions and are of **4** marks each. Answer to each question should not exceed **100** words.*

*(ix)* *The map-based questions (**two** questions) carry **five** marks –*

***Section A – (History) – 2 marks***

***Section B – (Geography) – 3 marks***

*(x)* *Divide your answer sheet into four sections as per question paper – Section A (History), Section B (Geography), Section C (Political Science), and Section D (Economics).*

*It is compulsory to answer each question in its respective section.*

*Do not mix answer of one section into the other section.*

*(xi)* *Instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

*(xii)* *Kindly note that a separate question has been provided for visually impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(xiii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## खण्ड – क **(20 अंक)**

## (इतिहास)

1. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

   I. नमक सत्याग्रह

   II. खेड़ा सत्याग्रह

   III. रॉलेट सत्याग्रह

   IV. अहमदाबाद मिल मजदूर सत्याग्रह

   **विकल्प :**

   (A) II, I, III, IV

   (B) II, IV, III, I

   (C) III, II, IV, I

   (D) II, I, IV, III

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

   **अभिकथन (A) :** सोलहवीं सदी में एशिया और अमेरिका के लिए समुद्री मार्गों की खोज ने पूर्व-आधुनिक विश्व को छोटा कर दिया ।

   **कारण (R) :** इस काल के दौरान हिंद महासागर में यूरोपीय प्रवेश ने व्यापार का विस्तार किया ।

   **विकल्प :**

   (A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

   (B) दोनों (A) और (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या **नहीं** है ।

   (C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

   (D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

## SECTION – A (20 M)
## (HISTORY)

1. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option : **1**

   I. Salt Satyagraha

   II. Kheda Satyagraha

   III. Rowlatt Satyagraha

   IV. Ahmedabad Mill Workers Satyagraha

   **Options :**

   (A) II, I, III, IV

   (B) II, IV, III, I

   (C) III, II, IV, I

   (D) II, I, IV, III

2. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

   **Assertion (A) :** The discovery of sea routes to Asia and America shrank the pre-modern world in the sixteenth century.

   **Reason (R) :** During this period European entry into Indian ocean expanded trade.

   **Options :**

   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is **not** the correct explanation of (A).

   (C) (A) is true, but (R) is false.

   (D) (A) is false, but (R) is true.

3. निम्नलिखित विकल्पों में से उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान एक यूरोपीय राष्ट्र के दिए गए रूपकात्मक चित्र की पहचान कीजिए : **1**



(A) ब्रितानिया (B) मारीआना

(C) हेल्वेतिया (D) जर्मेनिया

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 3 के स्थान पर है ।**

फ्रांस में निम्नलिखित में से किसने 1804 की नागरिक संहिता दी थी ? **1**

(A) एलेक्जेंडर चार्लमांट (B) मैक्समिलन लफाते

(C) फर्डीनेंड आर्कड्यूक (D) नेपोलियन बोनापार्ट

4. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित है ? **1**

| | स्तंभ-A (लेखक) | | स्तंभ-B (योगदान) |
|---|---|---|---|
| (A) | बाल गंगाधर तिलक | – | गुलामगिरी |
| (B) | ज्योतिबा फुले | – | आमार जीबन |
| (C) | राजा राममोहन राय | – | संवाद कौमुदी |
| (D) | ताराबाई शिंदे | – | स्त्री धर्म-विचार |

5. (a) सोलहवीं सदी के बाद बहुत से यूरोपीय लोग अमेरिका क्यों गए ? स्पष्ट कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) प्राचीन काल के दौरान व्यापार और लंबी दूरी की यात्राओं ने बीमारियों के प्रसार में किस प्रकार योगदान दिया ? स्पष्ट कीजिए । **2**

3. Identify this image of the allegorical figure of a European nation during the nineteenth century from the following options : **1**



(A) Britannia (B) Marianna

(C) Helvetia (D) Germania

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of question no. 3 :**

Who amongst the following gave the Civil Code of 1804 in France ? **1**

(A) Alexander Charlemont (B) Maxmilan Lafayette

(C) Ferdinand Archduke (D) Napoleon Bonaparte

4. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | Column A (Writer) | | Column B (Contribution) |
|---|---|---|---|
| (A) | Bal Gangadhar Tilak | – | Gulamgiri |
| (B) | Jyotiba Phule | – | Amar Jiban |
| (C) | Raja Rammohan Roy | – | Sambad Kaumudi |
| (D) | Tarabai Shinde | – | Istri Dharam Vichar |

5. (a) Why did many Europeans migrate to America after sixteenth century ? Explain. **2**

**OR**

(b) How did trade and long distance travel contribute to the spread of diseases during ancient period ? Explain. **2**

6. (a) "मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रांति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ रची ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) "उन्नीसवीं सदी के दौरान यूरोप में छापेखाने की तकनीक में अनेक नवाचार हुए ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । **3**

7. (a) उन्नीसवीं सदी के अंत में बाल्कन क्षेत्र में हुए राष्ट्रवादी तनावों की परख कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) उन्नीसवीं सदी के दौरान इटली के एकीकरण में ज्युसेपे मेत्सिनी की भूमिका की परख कीजिए । **5**

8. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सामूहिक अपनेपन का भाव**

जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन आगे बढ़ा, राष्ट्रवादी नेता लोगों को एकजुट करने और उनमें राष्ट्रवाद की भावना भरने के लिए इस तरह के चिह्नों और प्रतीकों के बारे में और ज़्यादा जागरूक होते गए । इतिहास की पुनर्व्याख्या राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का एक और साधन थी । उन्नीसवीं सदी के अंत तक आते-आते बहुत सारे भारतीय यह महसूस करने लगे थे कि राष्ट्र के प्रति गर्व का भाव जगाने के लिए भारतीय इतिहास को अलग ढंग से पढ़ाया जाना चाहिए । अंग्रेजों की नज़र में भारतीय पिछड़े हुए और आदिम लोग थे जो अपना शासन खुद नहीं सँभाल सकते । इसके जवाब में भारत के लोग अपनी महान उपलब्धियों की खोज में अतीत की ओर देखने लगे । उन्होंने उस गौरवमयी प्राचीन युग के बारे में लिखना शुरू कर दिया जब कला और वास्तुशिल्प, विज्ञान और गणित, धर्म और संस्कृति, कानून और दर्शन, हस्तकला और व्यापार फल-फूल रहे थे । उनका कहना था कि इस महान युग के बाद पतन का समय आया और भारत को गुलाम बना लिया गया । इस राष्ट्रवादी इतिहास में पाठकों को अतीत में भारत की महानता व उपलब्धियों पर गर्व करने और ब्रिटिश शासन के तहत दुर्दशा से मुक्ति के लिए संघर्ष का मार्ग अपनाने का आह्वान किया जाता था ।

(8.1) स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रतीकों ने भारतीयों को एकजुट करने में कैसे मदद की ? **1**

(8.2) राष्ट्रवादियों को भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन की आवश्यकता क्यों महसूस हुई ? **1**

(8.3) राष्ट्रवादी इतिहास में भारत के अतीत और वर्तमान को कैसे चित्रित किया गया था ? **2**

6. (a) "Print culture created the favourable conditions for the French Revolution." Explain the statement with examples. **3**

**OR**

(b) "Throughout the nineteenth century, there were a series of innovations in printing technology." Explain the statement with examples. **3**

7. (a) Examine the nationalist tensions emerged in the Balkan region by the end of nineteenth century. **5**

**OR**

(b) Examine the role of Giuseppe Mazzini in the unification of Italy during the nineteenth century. **5**

8. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**The sense of collective belonging**

As the national movement developed, nationalist leaders became more and more aware of such icons and symbols in unifying people and inspiring in them a feeling of nationalism. Another means of creating a feeling of nationalism was through reinterpretation of history. By the end of the nineteenth century many Indians began feeling that to instill a sense of pride in the nation, Indian history had to be thought about differently. The British saw Indians as backward and primitive, incapable of governing themselves. In response, Indians began looking into the past to discover India's great achievements. They wrote about the glorious developments in ancient times when art and architecture, science and mathematics, religion and culture, law and philosophy, crafts and trade had flourished. This glorious time, in their view, was followed by a history of decline, when India was colonised. These nationalist histories urged the readers to take pride in India's great achievements in the past and struggle to change the miserable conditions of life under British rule.

(8.1) How did icons help to unite Indians during the freedom struggle ? **1**

(8.2) Why did nationalists feel the need to rewrite Indian history ? **1**

(8.3) How did nationalist histories portray India's past and present ? **2**

9. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारियों की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(a) वह स्थान जहाँ से गांधीजी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया । 1

(b) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था । 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं :**

(9.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ से गांधीजी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया । 1

(9.2) महाराष्ट्र में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ । 1

## खण्ड – ख (20 अंक)

### (भूगोल)

10. बॉक्स में दी गई निम्नलिखित जानकारी की सहायता से मृदा की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

- ये बहुत महीन कणों से बनी है ।
- ये मृदा पौष्टिक तत्वों से परिपूर्ण है ।
- ये कपास की खेती के लिए आदर्श है ।

(A) जलोढ़ मृदा (B) काली मृदा

(C) लैटेराइट मृदा (D) शुष्क मृदा

11. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में स्थायी वनों के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र है ? 1

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्य प्रदेश

(C) गुजरात (D) महाराष्ट्र

9. Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following informations and write their correct names on the lines drawn near them.

(a) The place where Gandhiji launched satyagraha, for the Indigo planters. **1**

(b) The place where the session of Indian National Congress was held. **1**

**Note : The following questions is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of question no. 9 :**

(9.1) Name the place where Gandhiji launched satyagraha for the Indigo planters. **1**

(9.2) Name the place where the session of Indian National Congress was held in 1920 in the Maharashtra. **1**

## SECTION – B (20 M)

## (GEOGRAPHY)

10. Identify the soil with the help of the following informations given in the box and choose the correct option : **1**

| |
|---|
| • It is made up of extremely fine material. |
| • It is rich in soil nutrients. |
| • It is ideal for growing cotton. |

(A) Alluvial Soil (B) Black Soil

(C) Laterite Soil (D) Arid Soil

11. In which of the following States of India, has the largest area under permanent forests ? **1**

(A) Uttar Pradesh (B) Madhya Pradesh


(C) Gujarat (D) Maharashtra

12. भारत में 'खरीफ़' कृषि ऋतु में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों के संदर्भ में सही विकल्प की पहचान कीजिए : **1**

(A) चावल, मटर, सरसों (B) चावल, सरसों, चना

(C) चावल, ज्वार, मक्का (D) चावल, मक्का, चना

13. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : **1**




**विकल्प :**

(A) अलौह खनिज (B) आग्नेय खनिज

(C) ऊर्जा खनिज (D) लौह खनिज

14. निम्नलिखित में से कौन सा 'वर्तमान परती भूमि' का उदाहरण है ? **1**

(A) भूमि जहाँ पाँच कृषि वर्षों से खेती न की गई हो ।

(B) भूमि जहाँ तीन कृषि वर्षों से खेती न की गई हो ।

(C) भूमि जहाँ दो कृषि वर्षों से खेती न की गई हो ।


(D) भूमि जहाँ एक कृषि वर्ष से खेती न की गई हो ।

12. Identify the correct option related to major crops grown in the 'Kharif' cropping season in India : **1**

(A) Paddy, Peas, Mustard (B) Paddy, Mustard, Gram

(C) Paddy, Jowar, Maize (D) Paddy, Maize, Gram

13. Choose the appropriate option to fill in the blank : **1**




**Options :**

(A) Non-Ferrous minerals (B) Igneous minerals

(C) Energy minerals (D) Ferrous minerals

14. Which of the following is an example of 'current fallow land' ? **1**

(A) Land left without cultivation for five agricultural years.

(B) Land left without cultivation for three agricultural years.

(C) Land left without cultivation for two agricultural years.

(D) Land left without cultivation for one agricultural year.

15. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **स्तंभ-I** | | **स्तंभ-II** |
|---|---|---|---|
| | **(राष्ट्रीय उद्यान)** | | **(राज्य)** |
| a. | सरिस्का | i. | मध्य प्रदेश |
| b. | सुन्दरबन | ii. | उत्तराखंड |
| c. | कॉर्बेट | iii. | पश्चिमी बंगाल |
| d. | बाँधवगढ़ | iv. | राजस्थान |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | iv | iii | i |

16. भारतीय कृषि में सुधार के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों को स्पष्ट कीजिए। **2**

17. (a) "सतत पोषणीय विकास के लिए ऊर्जा संरक्षण आवश्यक है।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) "खनिज विभिन्न रूपों और प्रकारों में पाए जाते हैं और प्रत्येक के अलग-अलग गुण होते हैं।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए। **5**

15. Match Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| **Column-I (National Parks)** | | **Column-II (States)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Sariska | i. | Madhya Pradesh |
| b. | Sunderban | ii. | Uttarakhand |
| c. | Corbett | iii. | West Bengal |
| d. | Bandhavgarh | iv. | Rajasthan |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | iv | iii | i |

16. Explain the measures made by government to improve Indian agriculture. **2**

17. (a) "Conserving energy is essential for sustainable development." Support the statement with suitable arguments. **5**

**OR**

(b) "Minerals are found in various forms and types, each having distinct properties." Support the statement with suitable arguments. **5**

18. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना**

बाढ़ों से न केवल जान और माल का नुकसान हुआ अपितु बृहत् स्तर पर मृदा अपरदन भी हुआ । बाँध के जलाशय पर तलछट जमा होने का अर्थ यह भी है कि यह तलछट जो कि एक प्राकृतिक उर्वरक है बाढ़ के मैदानों तक नहीं पहुँचती जिसके कारण भूमि निम्नीकरण की समस्याएँ बढ़ती हैं । यह भी माना जाता है कि बहुउद्देशीय योजनाओं के कारण भूकंप आने की संभावना भी बढ़ जाती है और अत्यधिक जल के उपयोग से जल-जनित बीमारियाँ, फसलों में कीटाणु-जनित बीमारियाँ और प्रदूषण फैलते हैं ।

सिंचाई ने कई क्षेत्रों में फसल प्रारूप परिवर्तित कर दिया है जहाँ किसान जलगहन और वाणिज्य फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं । इससे मृदाओं के लवणीकरण जैसे गंभीर पारिस्थितिकीय परिणाम हो सकते हैं ।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना देश के सभी कृषि खेतों के लिए सुरक्षात्मक सिंचाई के कुछ साधनों तक पहुँच सुनिश्चित करती है, जिससे वांछित ग्रामीण समृद्धि आती है । इस कार्यक्रम के कुछ व्यापक उद्देश्य हैं, जैसे खेत में पानी की वास्तविक उपलब्धता को बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई (हर खेत को पानी) के तहत बुवाई योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, अपव्यय को कम करने और अवधि और सीमा दोनों में उपलब्धता बढ़ाने के लिए खेत में पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करना, सिंचाई और अन्य जल बचत प्रौद्योगिकियाँ (प्रति बूँद अधिक फसल) और सतत जल संरक्षण प्रणालियों का अपनाना आदि ।

(18.1) भूमि निम्नीकरण में बाढ़ की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **1**

(18.2) सिंचाई ने फसल प्रारूप को कैसे बदल दिया है ? **1**

(18.3) 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के किन्हीं दो उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए । **2**

18. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana**

Floods have not only devastated life and property but also caused extensive soil erosion. Sedimentation also meant that the flood plains were deprived of silt, a natural fertilizer, further adding on to the problem of land degradation. It was also observed that the multipurpose projects induced earthquakes, caused water-borne diseases and pests and pollution resulting from excessive use of water.

Irrigation has also changed the cropping pattern of many regions with farmers shifting to water intensive and commercial crops. This has great ecological consequences like salinisation of the soil.

Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana has been started which ensures access to some means to protective irrigation for all agricultural farms in the country, thus bringing much desired rural prosperity. Some of the broad objectives of this programme are to enhance the physical access of water on the farm and expand cultivable area under assured irrigation (har khet ko pani), improve on farm water, use efficiency to reduce wastage and increase availability both in duration and extent, irrigation and other water saving technologies (per drop more crop) and introduce sustainable water conservation practices, etc.

(18.1) Explain the role of floods in land degradation. **1**

(18.2) How has irrigation changed cropping pattern ? **1**

(18.3) Explain any two objectives of the 'Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana'. **2**

19. प्रश्न संख्या **9** के लिए दिए गए भारत के उसी रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(i) सतलुज नदी पर बना बाँध

(ii) गुजरात में स्थित एक आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(iii) उत्तर प्रदेश में स्थित एक सॉफ़्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(iv) महाराष्ट्र में स्थित एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है :**

किन्हीं **तीन** का उत्तर लिखिए :

(i) सतलुज नदी पर बने बाँध का नाम लिखिए । **1**

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में आण्विक ऊर्जा संयंत्र स्थित है । **1**

(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में सॉफ़्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क स्थित है । **1**

(iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महाराष्ट्र में अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है । **1**

## खण्ड – ग **(20 अंक)**

### (राजनीति विज्ञान)

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A) :** बेल्जियम की सत्ता-साझाकरण व्यवस्था, उसके भाषाई और सांस्कृतिक विभाजनों को समायोजित करने के लिए तैयार की गई थी ।

**कारण (R) :** बेल्जियम के नेताओं ने अपने क्षेत्रीय अंतरों और सांस्कृतिक विविधताओं को स्वीकार किया ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या **नहीं** है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

19. On the same outline map of India given for Q. No. 9, locate and label any **three** of the following with suitable symbols : **3 × 1 = 3**

(i) The dam constructed on Satluj river

(ii) A nuclear power plant located in Gujarat

(iii) A software technology park located in Uttar Pradesh

(iv) An International Airport located in Maharashtra

**Note : Following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of question no. 19 :**

Attempt any **three :**

(i) Name the dam constructed on Satluj river. **1**

(ii) Name the place where nuclear power plant is located in Gujarat. **1**

(iii) Name the place where software technology park is located in Uttar Pradesh. **1**

(iv) Name the place where an International Airport is located in Maharashtra. **1**

## SECTION – C (20 M)

## (POLITICAL SCIENCE)

20. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** Belgium's power sharing arrangements were designed to accommodate its linguistic and cultural divisions.

**Reason (R) :** Belgian leaders recognized the existence of regional differences and cultural diversities.

**Option :**


(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is **not** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

21. दिए गए कार्टून को ध्यानपूर्वक देखिए और इसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1**




निम्नलिखित में से कौन सी अवधारणा इस कार्टून में सबसे अच्छी तरह से चित्रित की गई है ?

(A) राष्ट्रों के बीच समावेशी आर्थिक विकास

(B) राष्ट्रों के बीच आर्थिक विकास में ठहराव

(C) राष्ट्रों के बीच धन का असमान वितरण

(D) राष्ट्रों के बीच संतुलित आर्थिक विकास

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है :** **1**

निम्नलिखित में से किस देश में स्वतंत्रता के बाद से लोकतांत्रिक सरकार है ?

(A) सीरिया (B) क्यूबा

(C) भारत (D) अफगानिस्तान

22. भारत के राजनीतिक दलों के संदर्भ में निम्नलिखित में से विषम की पहचान कीजिए : **1**


(A) भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी

(B) भारतीय राष्ट्रीय लोक दल और जननायक जनता पार्टी

(C) राष्ट्रीय जनतांत्रिक पार्टी और संयुक्त लोकतांत्रिक पार्टी

(D) राष्ट्रीय जनता दल और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी

21. Look at the given cartoon carefully and answer the question that follow : **1**




Which of the following concepts is best illustrated in the cartoon ?

(A) Inclusive economic growth amongst nations

(B) Stagnation of economic development amongst nations

(C) Uneven distribution of wealth amongst nations

(D) Balanced economic growth amongst nations

**Note : The following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of question no. 21 :**

Which of the following countries has a democratic government since independence ? **1**

(A) Syria

(B) Cuba

(C) India

(D) Afghanistan

22. Find the odd one out regarding the Political Parties of India : **1**

(A) Bharatiya Janata Party & Aam Aadmi Party

(B) Indian National Lok Dal & Jananayak Janata Party

(C) National's People's Party & United Democratic Party

(D) Rashtriya Janata Dal & Loktantrik Samajwadi Party

23. शहरी स्थानीय सरकार के संदर्भ में दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

I. शहरों में नगरपालिका का गठन होता है ।

II. बड़े शहरों में नगर-निगम होता है ।

III. नगर-निगम अध्यक्ष ब्लॉक समिति का प्रधान होता है ।

IV. नगर-निगम के पदाधिकारी को मेयर कहते हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं ।

(B) केवल I, II और IV सही हैं ।

(C) केवल I, III और IV सही हैं ।

(D) केवल II, III और IV सही हैं ।

24. खेलों में नेतृत्वकारी भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के कोई दो उपाय सुझाइये । **2**

25. "किसी अन्य विकल्प की तुलना में लोकतंत्र शासन का बेहतर रूप है ।" इस कथन की परख कीजिए । **2**

26. भारतीय संघवाद में 'त्रि-सूचियों की प्रणाली' कैसे कार्य करती है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3**

27. (a) भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के महत्व की व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) भारत में राजनीतिक दलों के सम्मुख चुनौतियों की व्याख्या कीजिए । **5**

23. Read the given statements regarding urban local government and choose the correct option : **1**

I. Municipalities are setup in towns.

II. Big cities have Municipal Corporation.

III. Municipal chairperson is the head of Block Samiti.

IV. The officer in Municipal Corporation is called as Mayor.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

24. Suggest two ways to improve womens' participation in sports leadership roles. **2**

25. "Democracy is a better form of government compared with any other alternative." Examine the statement. **2**

26. How does the 'system of three lists' function in Indian federalism ? Explain with examples. **3**

27. (a) Explain the importance of political parties in Indian democracy. **5**

**OR**

(b) Explain the challenges faced by the political parties in India. **5**

28. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सत्ता की साझेदारी के रूप**

राजनीतिक सत्ता का बँटवारा नहीं किया जा सकता – इसी धारणा के विरुद्ध सत्ता की साझेदारी का विचार सामने आया था । लंबे समय से यही मान्यता चली आ रही थी कि सरकार की सारी शक्तियाँ एक व्यक्ति या किसी खास स्थान पर रहने वाले व्यक्ति-समूह के हाथ में रहनी चाहिए । अगर फ़ैसले लेने की शक्ति बिखर गई तो तुरंत फ़ैसले लेना और उन्हें लागू करना संभव नहीं होगा । लेकिन, लोकतंत्र के प्रादुर्भाव के साथ यह धारणा बदल गई । लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी राजनैतिक शक्ति का स्रोत है । इसमें लोग स्व-शासन की संस्थाओं के माध्यम से अपना शासन चलाते हैं । एक अच्छे लोकतांत्रिक शासन में समाज के विभिन्न समूहों और उनके विचारों को उचित सम्मान दिया जाता है और सार्वजनिक नीतियाँ तय करने में सबकी बातें शामिल होती हैं । इसलिए उसी लोकतांत्रिक शासन को अच्छा माना जाता है जिसमें ज़्यादा से ज़्यादा नागरिकों को राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदार बनाया जाए ।

(28.1) सत्ता की साझेदारी राजनीतिक स्थिरता को कैसे बढ़ावा देती है ? **1**

(28.2) दबाव समूह किस प्रकार सत्ता की साझेदारी व्यवस्था का हिस्सा हैं ? **1**

(28.3) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की भावना में कैसे योगदान करती है ? **2**

## खण्ड – घ **(20 अंक)**

## (अर्थशास्त्र)

29. दिए गए आँकड़ों का अध्ययन कीजिए और उनके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1**

| | कुछ राज्यों के तुलनात्मक आँकड़े | | |
|---|---|---|---|
| | शिशु मृत्युदर (2020) | साक्षरता दर (2017-18) | कक्षा 1 से 5 की निवल उपस्थिति दर |
| राज्य A | 28 | 82 | 73 |
| राज्य B | 6 | 94 | 94 |
| राज्य C | 27 | 62 | 69 |

2017-18 में 'राज्य B' की साक्षरता दर 'राज्य A' से कितने अंक अधिक बढ़ गई ?

(A) 12 (B) 10

(C) 16 (D) 14

28. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Forms of Power-sharing**

The idea of power-sharing has emerged in opposition to the notions of undivided political power. For a long time, it was believed that all power of a government must reside in one person or group of persons located at one place. It was felt that if the power to decide is dispersed, it would not be possible to take quick decisions and to enforce them. But these notions have changed with the emergence of democracy. One basic principle of democracy is that people are the source of all political power. In a democracy, people rule themselves through institutions of self-government. In a good democratic government, due respect is given to diverse groups and views that exist in a society. Everyone has a voice in the shaping of public policies. Therefore, it follows that in a democracy, political power should be distributed among as many citizens as possible.

(28.1) How does power sharing promote stability of political order ? **1**

(28.2) How are pressure groups part of the power sharing mechanism ? **1**

(28.3) How does power sharing contribute to the spirit of democracy ? **2**

## SECTION – D (20 M)
## (ECONOMICS)

29. Study the given data and answer the question that follow : **1**

| | Comparative Data of few States | | |
|---|---|---|---|
| | **Infant Mortality Rate (2020)** | **Literacy Rate (2017-18)** | **Net Attendance Rate (Class 1 to 5)** |
| State A | 28 | 82 | 73 |
| State B | 6 | 94 | 94 |
| State C | 27 | 62 | 69 |

By how many of the following points does State B's literacy rate exceeds from State A in 2017-18 ?

(A) 12 (B) 10

(C) 16 (D) 14

30. बॉक्स में दी गई जानकारी की सहायता से अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक की पहचान कीजिए : 1

- परिसंपत्तियों पर स्वामित्व और सेवाओं के वितरण की जिम्मेदारी एकल व्यक्ति के हाथों में होती है ।
- गतिविधियों का ध्येय लाभ अर्जित करना होता है ।

(A) निजी क्षेत्रक (B) सार्वजनिक क्षेत्रक

(C) संयुक्त क्षेत्रक (D) सहकारी क्षेत्रक

31. निम्नलिखित केस को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

मेघा ने घर खरीदने के लिए बैंक से ₹ 5 लाख का कर्ज़ लिया । इस कर्ज़ पर ब्याज की वार्षिक दर, 12 प्रतिशत है और इस कर्ज़ को 5 साल में मासिक किस्तों में लौटाया जाना है ।

बैंक द्वारा मेघा से लिया गया 12% ब्याज का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

(A) समर्थक ऋणाधार (B) ऋण की लागत

(C) ऋण-अवधि (D) कागज़ी कार्यवाही

32. निम्नलिखित में से वैश्विक व्यापार में व्यापार-अवरोध का मुख्य उद्देश्य कौन सा है ? सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

(A) देश में विदेशी कंपनियों की वृद्धि को बढ़ावा देना ।

(B) घरेलू उद्योगों में उत्पादन को नियंत्रित करना ।

(C) देश में विदेशी व्यापार को विनियमित करना ।

(D) देशों के बीच विदेशी व्यापार को रोकना ।

33. निम्नलिखित में से कौन सा नवीकरणीय संसाधन का उदाहरण है ? 1

(A) प्राकृतिक गैस (B) कच्चा तेल

(C) कोयला (D) भूमिगत जल

30. Identify the sector of economy with the help of information given in the box : **1**

| |
|---|
| • Ownership of assets and delivery of services in the hands of private individuals |
| • Activities are guided by the motive to earn profits |

(A) Private Sector (B) Public Sector

(C) Joint Sector (D) Cooperative Sector

31. Read the following case and choose the correct option : **1**

Megha has taken a loan of ₹ 5 lakhs from bank to purchase a house. The annual rate on the loan is 12% and loan is to be repaid in 5 years in monthly instalments.

The 12% interest charged by the bank to Megha is related to which of the following ?

(A) Collateral (B) Cost of Credit

(C) Duration of Loan (D) Documentation

32. Which of the following is the main purpose of a trade barrier in global trade ? Choose the correct option. **1**

(A) To promote the growth of foreign companies in a country

(B) To control the production of domestic industries

(C) To regulate foreign trade into the country

(D) To stop foreign trade between countries

33. Which of the following is an example of a renewable resource ? **1**

(A) Natural Gas (B) Crude Oil

(C) Coal (D) Ground Water

34. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

शिशु-मृत्युदर किसी वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों में से _______ वर्ष की आयु से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या है ।

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

35. "तकनीक में प्रगति ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया है ।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये । 3

36. भारतीय अर्थव्यवस्था में रिज़र्व बैंक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । 3

37. "अलग-अलग लोगों के विकास के लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । 3

38. (a) अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्रक के महत्व का वर्णन कीजिए । 5

**अथवा**

(b) अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्रक की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 5

34. Choose the correct option to fill in the blank : **1**

Infant Mortality Rate indicates the number of children that die before the age of _____ year(s) per 1000 live births in that particular year.

(A) One (B) Two

(C) Three (D) Four

35. "Advancement in technology has stimulated the globalization process." Justify the statement with suitable arguments. **3**

36. Explain the role of Reserve Bank in Indian economy. **3**

37. "Different persons can have different developmental goals." Explain the statement with examples. **3**


38. (a) Describe the importance of tertiary sector in the economy. **5**

**OR**

(b) Describe the features of organized sector of the economy. **5**

प्रश्न सं. 9 और 19 के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 9 and 19




यहाँ से काटें ----- Cut Here ----- यहाँ से काटें ----- Cut Here